# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक 12301 / 02 /2016/चयन                                   इन्दौर दिनांक 9 NOV 2016

## //विज्ञप्ति//

**राज्य वन सेवा परीक्षा–2014 साक्षात्कार पूर्व मेडिकल परीक्षण एवं पैदल चाल आयोजन संबंधी सूचना ।**

01. आयोग के विज्ञापन क्रमांक 04/परीक्षा/2014/दिनांक 30.12.2014 के अन्तर्गत मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग के अंतर्गत सहायक वन सरंक्षक एवं वनक्षेत्रपाल के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया हैं । उपरोक्त पदों हेतु साक्षात्कार आयोग कार्यालय में दिनांक 21 नवम्बर 2016 से 26 नवम्बर 2016 तक आयोजित किए जावेंगे ।

02. साक्षात्कार हेतु अर्ह सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि पैदल चाल एवं स्वास्थ्य परीक्षण साक्षात्कार दिवस के लिए एक दिवस पूर्व प्रातः 06.30 पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, रेसीडेंसी एरिया,इंदौर के ग्राउण्ड में आयोजित हैं । **आवेदक साक्षात्कार पत्र की छायाप्रति एवं लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र की प्रति के साथ उपस्थित होवें, ताकि आवेदक का मिलान फ़ोटो से किया जा सकें ।**

03. आवेदक पहचान हेतु आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र की प्रति, अथवा बैंक पास बुक की प्रति के साथ उपस्थित हो ।

04. साक्षात्कार हेतु अर्ह आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि पैदल चाल एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु आवेदक को साक्षात्कार दिवस के एक दिवस पूर्व पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय,इंदौर के ग्राउण्ड में उपस्थित होना हैं, अतः सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार के 02 दिवस पूर्व इंदौर उपस्थित हो जावें ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो ।

05. मेडिकल जॉच एवं पैदल चाल में योग्य आवेदकों का ही साक्षात्कार आयोग कार्यालय में आयोजित होगा । अनर्ह आवेदक साक्षात्कार हेतु अपात्र होगें ।

स्टाफ ऑफिसर